1220. स्वतंत्रता सेनानी श्री केसरीसिंह बारहठ की जन्म स्थली है-

(a) नसीराबाद (b) खरवा
(c) माण्डलगढ़ (d) शाहपुरा

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)-2020

Ans. (d) 'राजस्थान केसरी' के नाम से प्रसिद्ध महान भारतीय क्रांतिकारी व स्वतंत्रता सेनानी, ठाकुर केसरी सिंह बारहठ का जन्म शाहपुरा रियासत में 21 नवंबर 1872 को हुआ था। वे प्रख्यात लेखक, कवि, विचारक के साथ शिक्षाविद् भी थे।

1221. मेयो कॉलेज का संस्थापक कौन था?

(a) रिचर्ड बॉर्क
(b) कर्नल डिक्शन
(c) लार्ड नार्थब्रुक
(d) लार्ड मिण्डो

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (a) मेयो कॉलेज के संस्थापक ''रिचर्ड बॉर्क'' थे। इसकी स्थापना 1875 में राजस्थान के अजमेर में उच्चवर्ग के लड़कों के बोर्डिंग स्कूल के रूप में की गई थी। इसे भारत का सबसे पुराना बोर्डिंग स्कूल माना जाता है। इसके संस्थापक प्रधानाध्यापक ''कर्नल सर ओलिवर सेंट जॉन'' थे।

1222. 'मांडव की पाल' किसके उत्पादन के लिए विख्यात है?

(a) डोलोमाइट (b) बेराइट
(c) फ्लोराइट (d) ग्रेफाइट

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख)-2019

Ans. (c) राजस्थान के डूंगरपुर जिले में स्थित 'मांडव की पाल' फ्लोराइट के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है।

1223. अर्जुनलाल सेठी ने 1905 में वर्धमान पाठशाला की स्थापना किस स्थान पर की थी?

(a) जयपुर (b) कोटा
(c) करौली (d) उदयपुर

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (अस्त्रक्षेप) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (a) क्रांतिकारी विद्वान एवं कवि अर्जुन लाल सेठी का जन्म 1880 को जयपुर में हुआ था। इन्होंने 1905 में जैन शिक्षा प्रचार समिति तथा जयपुर में वर्धमान विद्यालय की स्थापना की जिसका उद्देश्य क्रांतिकारियों को प्रशिक्षण देना था।

1224. जैत सागर तालाब कहाँ स्थित है?

(a) उदयपुर (b) बूंदी
(c) अजमेर (d) माउंट आबू

कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) जैत सागर तालाब बूंदी में स्थित है। बूंदी के अन्य तालाब हैं–नवल सागर झील, रानी जी की बावड़ी, रतन सागर झील, नागर सागर कुण्ड, फूल सागर तालाब।

1225. अभिनव भू-भौतिक गवेषणाओं ने राजस्थान के किस खनन क्षेत्र में स्वर्ण-भण्डारों की उपस्थिति को प्रमाणित किया है-

(a) आनन्दपुरा-भूकिया (b) जावर
(c) गुलाबपुरा-अगूचा (d) चौथ का बरवाड़ा

JEN Mechanical Degree (Tsp Area)16.10.2016

Ans. (a) अभिनव भू-भौतिक गवेषणाओं ने राजस्थान के आनन्दपुरा-भूकिया खनन क्षेत्र में स्वर्ण-भण्डारों की उपस्थिति को प्रमाणित किया है। उल्लेखनीय है कि आनन्दपुरा-भूकिया और जगपुरा में सोने का खनन हिंदुस्तान जिंक जिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

1226. 1907 ई. में स्थापित 'जैन वर्धमान विद्यालय' के संस्थापक थे-

(a) हीरालाल शास्त्री (b) राधाकृष्ण बोहरा
(c) अर्जुन लाल सेठी (d) माणिक्यलाल वर्मा

VDO-2021 Exam Date 28.12.21 Shift-III

Ans. (c) जैन वर्धमान विद्यालय जयपुर में स्थित है। इसकी स्थापना 1907 ई. में अर्जुन लालजी सेठी ने की थी।

1227. 'वीर भारत सभा' की स्थापना की थी-

(a) अर्जुन सेठी
(b) विजय सिंह पथिक
(c) केसरी सिंह बारहठ
(d) सागरमल गोपा

VDO-2021 Exam Date 28.12.21 Shift-III

Ans. (c) राजस्थान में सभी वर्गों को क्रांतिकारी गतिविधियों से जोड़ने के लिए 1910 ई. में 'वीर भारत सभा' की स्थापना कोटा में केसरी सिंह बारहठ द्वारा की गयी थी।

1228. फलौदी के निकट बाप क्षेत्र जाना जाता है-

(a) चूना पत्थर उत्पादन के लिए
(b) ग्रेफाइट उत्पादन के लिए
(c) चाँदी उत्पादन के लिए
(d) नमक उत्पादन के लिए

Complier Exam Date-21.08.2016

Ans. (d) फलौदी (जोधपुर) के निकट बाप क्षेत्र नमक उत्पादन हेतु जाना जाता है। राजस्थान में अन्य नमक उत्पादन क्षेत्र लूणकरणसर (बीकानेर) पोखरण (जैसलमेर) जाब्दीनगर (नागौर) है। राज्य में सार्वजनिक क्षेत्र में नमक उत्पादक कारखाने सांभर, डीडवाना, पचपदरा में है। सांभर झील देश का सबसे बड़ा आंतरिक नमक स्त्रोत है।

1229. राजस्थान का ऐसा विश्वविद्यालय जिसके अधीन नगर की सीमाओं के बाहर कोई महाविद्यालय नहीं है, वह है–

(a) राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
(b) जोधपुर विश्वविद्यालय, जोधपुर
(c) कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर
(d) महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, अजमेर

उत्तर–(b) **RPSC RAS/RTS-1993**

व्याख्या– राजस्थान का ऐसा विश्वविद्यालय जिसके अधीन नगर की सीमाओं के बाहर कोई महाविद्यालय नहीं है, वह जोधपुर विश्वविद्यालय, जोधपुर है।

1230. सहकारी शिक्षा एवं प्रबंध के लिए संस्था स्थापित की गयी है-

(a) उदयपुर में (b) बीकानेर में
(c) कोटा में (d) जयपुर में

उत्तर : (d)

व्याख्या – जयपुर में सहकारी शिक्षा एवं प्रबंध के लिए संस्था स्थापित की गयी है।